education projects in the Fourth Five Year Plan; and

(b) if so, the reasons therefor?

**The Deputy Minister in the Ministry of Education (Shrimati Soundaram Ramachandran):** (a) No such decision has yet been taken.

(b) Does not arise.

**New All-India Services**

**2153. Shrimati Savitri Nigam:** Will the Minister of Home Affairs be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1465 on the 16th December, 1964 and state:

(a) whether the rules and regulations regarding the recruitment and conditions of Service relating to the New All-India Services have been finalised; and

(b) if so, the details thereof?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi):** (a) Not yet.

(b) Does not arise.

**बिहार विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में रमन समिति का प्रतिवेदन**

**2154.** { **श्री विभूति मिश्र :**
**श्री क० मा० तिवारी :**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति ने रमन समिति का प्रतिवेदन केन्द्रीय सरकार को भेज दिया है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हुमायून कबीर ) :** (क) रिपोर्ट की एक प्रति बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के पास उन के अवलोकनार्थ भेजी थी ।

(ख) बिहार राज्य विश्वविद्यालय (बिहार, पटना, भागलपुर, और रांची) अधिनियम 1960, यथासंशोधित, के उपबन्धों के अनुसार, सम्बद्ध विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों के परामर्श से रिपोर्ट के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने की जिम्मेदारी कुलपति की है ।

**केन्द्रीय सचिवालय तथा केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में समय की पाबन्दी**

**2155.** { **श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री सुबोध हंसदा :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन के मंत्रालय ने यह सुनिश्चित करने के लिये क्या व्यवस्था की है कि केन्द्रीय सचिवालय तथा केन्द्रीय सरकार के अन्य कार्यालयों के कर्मचारी तथा पदाधिकारी ठीक समय पर कार्यालय पहुंचें तथा अपना दिन भर का काम पूरा करें;

(ख) क्या सरकार को मालूम है कि कुछ पदाधिकारी ठीक समय पर दफ्तर में नहीं पहुंचते हैं तथा आधे अथवा एक घंटे के लंच के स्थान पर दो से ले कर तीन घंटे तक समय घर पर बिताते हैं, जिस के परिणामस्वरूप सरकारी काम को हानि पहुंचती है; और

(ग) क्या केन्द्रीय सचिवालय तथा अन्य कार्यालयों में समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के लिये निरीक्षण किया जाता है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :** (क) इस विषय पर

जारी की गई हिदायतों की एक प्रति सभा पटल पर रख दी गई है । [पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी०-4858 ]

(ख) इन हिदायतों का उद्देश्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों के समय पर कार्यालय पहुंचने तथा कार्यालय के समय का सख्ती से पालन करने का पक्का इंतजाम करना है ।

(ग) इन हिदायतों के अनुच्छेद 7 में अचानक निरीक्षणों की व्यवस्था की गई है ।

### साम्प्रदायिक तनाव फैलाने वाले समाचारपत्र

2156. श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री सुबोध हंसदा :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री प्र० ना० विद्यालंकार :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जून, 1965 के प्रथम सप्ताह में हुए गृह-मंत्री सम्मेलन में की गई इस मांग पर कि उन समाचारपत्रों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिये जो साम्प्रदायिकता फैलाते हैं और भय तथा तनाव का वातावरण पैदा करते हैं, गृह मंत्रालय द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है; और

(ख) क्या एक विवरण सभा पटल पर रखा जायेगा जिस में गृह-मंत्री सम्मेलन में लिये गये अन्य निर्णयों की कार्यान्विति संबंधी ब्यौरा दिया गया हो ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र): (क) वर्तमान कानूनों में (जिन में भारत सुरक्षा अधिनियम भी शामिल है ) संशोधन करने के प्रश्न पर सरकार विचार कर रहीं है ताकि उन समाचार पत्रों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा सके जो साम्प्रदायिक उत्तेजना फैलाते हैं और राष्ट्र विरोधी तथा समाज विरोधी गतिविधियों को उकसाते हैं ।

(ख) ऐसा विवरण सदन के सभा-पटल पर रखना जनहित की दृष्टि से अच्छा नही होगा ।

### Preservation of Monuments in U.P.

**2157. Shri Vishwa Nath Pandey:** Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether any financial assistance has been given to the Government of Uttar Pradesh for the preservation of ancient monuments of historical importance during 1963-64 and 1964-65;

(b) if so, the amount allotted during the above period; and

(c) the total amount proposed to be given for the same purpose during 1965-66?

**The Minister of Cultural Affairs in the Ministry of Education (Shri Hajarnavis):** (a) and (b). Only for the year 1964-65 a sum of Rs. 9045 was allotted to the Government of Uttar Pradesh which the State Government can draw after completing the repairs to the monuments.

(c) No request has been received from the Government of Uttar Pradesh for a grant during 1965-66.

### उत्तर प्रदेश के स्कूलों तथा कालेजों के लिए दर्शक कक्ष (आडिटोरिया)

2158. श्री शिव नारायण पाण्डे : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964–65 में उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्कूलों तथा कालेजों में दर्शक कक्षों के निर्माण के लिये सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि मंजूर की गई है ; और

(ख) 1965–66 में इस योजना के लिये उक्त राज्य को कितनी धनराशि देने का विचार किया गया है ?